तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

11 जलियांवाला बाग हत्याकांड की विरासत पर वैचारिक...

12 मोतीलाल स्कूल के बच्चों ने एसओएफ गणित...


## खबर संक्षेप

### नरवाना में आज चार घंटे बंद रहेगी सप्लाई

जींद। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के 132केवी ओल्ड नरवाना में बिजली सप्लाई चार घंटे बंद रहेगी। निगम के अधीक्षक अभियंता हरिदत्त ने बताया कि सुबह 9 से 1 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहने से इस पावर हाऊस से जुड़े 11 केवी उकलाना रोड और 11केवी एचएसआईडीसी से जुड़ी अनाज मंडी, चमेला कालोनी, न्यू बस्ती, बद्दोवाल, इस्माइलपुर और एचएसआईडीसी का एरिया बंद रहेगा। इस दौरान मरम्मत का काम किया जाएगा।

### घर का टूटा ताला, नगदी व चांदी का कड़ा चोरी

जींद। गांव छात्तर में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर छह हजार रुपये की नगदी, चांदी का कड़ा चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव छात्तर निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके मकान का ताला तोड़ कर छह हजार रुपये की नगदी तथा चांदी के कड़े को चोरी कर लिया।

### पशु अस्पताल का टूटा ताला, मामला दर्ज

जींद। गांव उचाना कलां में बीती रात चोरों ने पशु अस्पताल का ताला तोड़ कर दो मेज, फ्रीज समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। उचाना कलां पशु अस्पताल के वीएलडीए रमनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने पशु अस्पताल का ताला तोड़ कर दो लोहे की मेज, फ्रीज तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने वीएलडीए रमनदीप की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

### संदिग्ध हालात में युवती गायब, मामला दर्ज

जींद। जैन नगर से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जैन नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बीस वर्षीय बेटी रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोई थी। जो सुबह गायब मिली। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मोटर गैरेज से बैटरियां व अन्य सामान चोरी

जींद। सफीदों रोड पर बीती रात चोरों ने मोटर गैरेज से आठ बैटरी, ग्रेंडर, एयर वेक्यूम को चोरी कर लिया। गांव ढाठरथ निवासी महाबीर पुरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सफीदों रोड पर मोटर गैरेज है। बीती रात चोरों ने उसकी गैराज का ताला तोड़ कर आठ बैटरी, एक ग्रेंडर, एयर वैक्यूम समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। चोरी का सुबह उस समय पता चला जब वह अपनी गैरेज पर पहुंचा और ताला टूटा हुआ देखा। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महाबीर की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

# धरम दी किरत करनी, किसी दि निंदा, चुगली, अतै इर्खा नै करना

## ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में सजा कीर्तन दरबार

जींद। खालसा साजना दिवस के अवसर पर स्थानीय ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में सायंकालीन कीर्तन दरबार सजाया गया। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि कीर्तन दरबार में गुरुद्वारा साहिब के रागी जसबीर सिंह रमदसिया के रागी जत्थे ने गुरुबाणी शब्द गायन किए। इसके बाद छठी पातशाही गुरुद्वारा कुरुक्षेत्र के हजूरी रागी भाई जगसीर सिंह के रागी जत्थे ने गुरु महिमा के गुरुबाणी शब्द सुना कर संगतों को निहाल किया तथा गुरु गोबिंद सिंह की जीवनी से रूबरू करवाया। कीर्तन दरबार में हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्य सरदार करनैल सिंह निम्नाबाद ने भी शिरकत की और संगतों को गुरू साहिब के आदर्शों और उनके दिखाए मार्ग चलने का आह्वान किया। सरदार करनैल सिंह निम्नाबाद ने कहा कि सन 1699 में श्री गुरू गोबिंद सिंह साहिब ने आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी।



जींद। हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्य करनैल सिंह निम्नाबाद संगत को संबोधित करते हुए और गुरु का अटूट लंगर छकतीं संगतें। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने देहधारी गुरू परम्परा को समाप्त कर श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी को सिखों का जीवित गुरू घोषित किया था। उन्होंने कहा कि गुरू जी ने छुआछूत, ढोंग, आडम्बर, पाखंड का खंडन करते हुए समाज में समानता और सेवा भाव को बढावा दिया। आज हमें गुरू जी के दिखाए सद्मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह जी ने कहा था कि धरम दी किरत करनी, किसी दि निंदा, चुगली, अतै इर्खा नै करना।

### कमाई का दसवां हिस्सा हमेशा निकालें

गुरु गोबिंद सिंह ने कहा कि हमें अपनी कमाई का दसवां हिस्सा हमेशा निकालना चाहिए और उसे किसी जरुरतमंद को दान में दें। धन, जवानी, तै कुल जात दा अभिमान नै करना। गुरु गोबिंद सिंह जी का मानना है कि हमें कभी भी अपने पैसे, जवानी और अपने धर्म या जात का अभिमान नही करना चाहिए। यह सभी चीजें नश्वर हैं। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हमेशा गुरुद्वारों की रचनात्मक देखरेख के लिए बनाई जाती है लेकिन असली कमेटी प्रधान, सदस्य गुरु रूपी समूह संगत होती है। क्योंकि गुरु घरों के विकास में समूह संगत का सहयोग अति महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह चौगामा, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य करनैल सिंह निम्नाबाद, गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी गुरविंदर सिंह रत्तक, सतनाम सिंह घुम्मन, इंद्रजीत सिंह बिट्टू, गुरभेद सिंह विर्क, आजाद सिंह, निंदरपाल सिंह, मेजर सिंह, यादविंद्र सिंह व शेर सिंह मौजूद रहे। कीर्तन दरबार के बाद संगतों में गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया।

### जुलाना की अनाजमंडी में लाखों की लागत से लगाए सात कांटे

# तौल में मिल रही गड़बड़ी, लाखों रुपये का खामियाजा भुगत रहे किसान

मार्केट कमेटी हर सीजन में कांटों को ठीक करवा रही, इसके बावजूद तौल में अंतर मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जुलाना कस्बे की अनाज मंडी में मार्केट कमेटी द्वारा किसानों की फसल को तोलने के लिए सात कांटे लगाए गए हैं लेकिन सभी सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। कोई भी किसान या आढ़ती कांटे पर तौल करवाने की बजाए बाहर निजी कांटों पर तोल करवाना ही बेहतर समझता है। क्योंकि मंडी के कांटों में प्रति ट्रॉली लगभग दो क्विंटल तक का अंतर मिलता है। अगर किसान मंडी में तौल करवाता है तो हजारों रुपये के घाटे से किसानों को गुजरना पड़ रहा है। प्रशासन की लापरवाही किसानों की जेब पर भारी पड़ रही है। किसानों को प्रति ट्रॉली के हिसाब से 100 रुपये तक तौल के नाम पर बाहर चुकाने पड़ रहे हैं।



जुलाना। जुलाना की मंडी में लगे कांटे। फोटो : हरिभूमि

### हर वर्ष मंडी में आता है नौ लाख क्विंटल गेहूं

मंडी में हर वर्ष औसतन नौ लाख क्विंटल गेहूं आता है। मंडी में गेहूं की बंपर आवक होती है। इसके बावजूद मंडी में किसानों को बाहर तौल करवाना पड़ता है। एक ट्रॉली में लगभग 80 क्विंटल गेहूं आता है। इस हिसाब से 11250 ट्रॉलियां मंडी में फसल लेकर पहुंचती हैं। 100 रुपये प्रति ट्राली के हिसाब से किसानों को चुकाने पड़ते हैं तो हर सीजन पर किसानों की जेब पर सवा 11 लाख रुपये का बोझ पड़ता है। मार्केट कमेटी सचिव कोमिला ने बताया कि मार्केट कमेटी विभाग द्वारा सीजन की शुरूआत में सभी कांटों का आंकलन करवाता है। कांटों में तौल के लिए सैंसर लगे होते हैं। गत दिनों आई बरसात से कांटों में पानी लग गया था। मैकेनिक टीम को अवगत करवा दिया गया है। जल्द ही कांटे को ठीक कर दिया जाएगा।

>> अनाजमंडी पहुंची विधायक विनेश फोगाट


जुलाना। मंडी में कांटों की जांच करते हुए विधायक विनेश फोगाट।

### मंडी के कांटों में दो किवंटल अंतर मिलने पर अधिकारियों पर भड़की

जुलाना। जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट नई अनाजमंडी में पहुंची। मंडी के गेट पर पहुंचते ही उन्होंने काटों के तोल के बारे में बात की। विनेश फोगाट ने कहा कि मंडी में लगातार कांटों को लेकर शिकायत आ रही हैं कि मंडी के काटें ठीक नही हैं। ऐसे में किसानों को बाहर तोल करवाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिसका किसानों की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। विनेश फोगाट को जवाब देते हुए मार्केट कमेटी के उप सचिव सिकंदर सांगवान ने कहा कि किसानों को तोल के साथ पर्ची दी जा रही लेकिन स्टाफ की कमी है तो विनेश फोगाट ने कहा कि सीजन खत्म होने के बाद स्टाफ आएगा क्या। सरकार को डिमांड भेजी गई है। जल्द ही मिल जाएगा।

#### रोज शाम को कांटों को जरूर चेक करवाएं

फोगाट ने कहा कि मंडी के सभी कांटों पर एक ट्राली का तोल करवाएं ताकि चैक किया जा सके कि मंडी के सभी कांटे सुचारू रूप से काम कर रहे हैं। चिड़ी गांव का किसान विनोद जब मंडी में फसल लेकर पहुंचा तो मंडी के दोनों कांटों पर उसकी ट्रॉली का तोल करवाया तो पता चला कि मंडी में दोनों कांटों में ही दो क्विंटल का अंतर है। जिस पर विनेश फोगाट भड़क गई और अधिकारियों को कहा कि इतना अंतर कैसे है तो अधिकारियों ने कहा कि कल शाम को ही कांटों का मुल्यांकन करवाया था जिसमें सभी कांटे ठीक पाए गए थे। जल्द ही दोंनो कांटों को ठीक करवा दिया जाएगा। रोज शाम को कांटों को चेक करवाएं।

### एसडीएम ने किया चीका अनाज मंडी का दौरा

#### एसडीएम ने किसानों और आढ़तियों से बातचीत की

गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने चीका अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने मूलभूत सुविधाओं, गेहूं खरीद व उठाने आदि तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर किसानों व आढ़तियों से बातचीत भी की। एसडीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कहा कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। कोई भी अधिकारी व कर्मचारियों कार्य में लापरवाही ना बरते। किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से लें। बिजली व पानी की सुविधाएं निरंतर चलती रहे, इसमें यदि कोई दिक्कत आती है तो तुरंत समाधान करें। मंडी में स्थित सभी शौचालय की निरंतर सफाई की जाए। बदलते मौसम को देखते हुए भी अपनी सभी तैयारियां पूरी रखें। इस मौके पर जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक निशान्त राठी, मार्किट कमेटी के सचिव सतबीर राविश के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने चीका अनाज मंडी का दौरा करते हुए।

### मंडियों में गेहूं की आवक लगातार जारी

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले की मंडियों में गेहूं की आवक लगातार जारी है। गेहूं की आवक को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए हैं। जिले में मंडीवार कुल 25,687 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है। सबसे अधिक खरीद सफीदों मंडी से हुई। जहां गत दिवस 8,067 मीट्रिक टन और कुल 9,177 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई। इसी प्रकार पिल्लूखेड़ा मंडी में 5,926 मीट्रिक टन, उचाना मंडी में 6,250 मीट्रिक टन, नरवाना अनाज मंडी में 2,241 मीट्रिक टन, जींद अनाज मंडी में 511 मीट्रिक टन, छात्तर मंडी में 1,240 मीट्रिक टन और अलेवा मंडी में 342 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे मंडी में अपने निर्धारित क्रम अनुसार ही आएं ताकि उनकी फसल की समय पर खरीद सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि किसान खेतों में फसल अवशेषों में आग न लगाएं। क्योंकि इससे न केवल प्रदूषण बढ़ता है बल्कि भूमि की उर्वरकता भी घटती है। अतः किसान फसल अवशेषों का वैज्ञानिक और पर्यावरण.अनुकूल तरीकों से प्रबंधन करें। जिला प्रशासन द्वारा खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है ताकि किसानों को समय पर भुगतान और सभी आवश्यक सुविधाएं मिल सकें।

■ फसल अवशेषों में आग न लगाकर किसान करें सही तरीके से प्रबंधन : डीसी


कैथल। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए।

### नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किया 10 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नगर परिषद कैथल की अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने सोमवार को शहर के वार्ड नंबर 11 में करीब 10 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसमें शहीद भगत सिंह कॉलोनी में गलियों के निर्माण और इस वार्ड में अवैध से वैध हुई करीब पांच कॉलोनियों के करोड़ों रुपये के विकास कार्शामिल है। अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कहा कि सरकार दिल खोलकर शहर में विकास कार्य करवाने की अनुमति प्रदान कर रही है। इसलिए वे मुख्यमंत्री नायब सैनी को विशेष तौर पर धन्यवाद देना चाहेंगी, क्योंकि ऐसे कर्मशील मुख्यमंत्री की वजह से हम धरातल पर मजबूती से काम कर रहे हैं।

■ हाल ही में वैध हुई कालोनियों में आई विकास कार्यों की बहार

#### लोगों को बड़ी राहत

बताया कि उन्होंने लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से शहीद भगत सिंह कॉलोनी की गलियों का शिलान्यास किया है, जिससे स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। पहले इस क्षेत्र में सड़कें और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं थीं, लेकिन अब सड़कें, बिजली और अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। बताया कि वार्ड नंबर ग्यारह में लगभग आठ करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें से कुछ पूरी हो चुकी हैं और कुछ प्रस्तावित हैं।

वार्ड 11 में ही लगभग चार से पांच कॉलोनियों को मंजूरी मिली है, जिनमें साढ़े चार करोड़ रुपये के विकास कार्य होने वाले हैं। इनमें से कुछ काम शुरू भी हो चुके हैं।

#### परियोजनाओं का विवरण

- शहीद भगत सिंह कॉलोनी: दो करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से गली निर्माण का शिलान्यास आज किया गया है।
- डिफेंस कॉलोनी एक्सटेंशन दो : 84 लाख 25 हजार रुपये की लागत से गली निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- शुगर मिल कॉलोनी पार्ट तीन : 43 लाख 21 हजार रुपये की लागत से गली निर्माण होगा।
- अमबरसरिया डेरा : 16 लाख 72 हजार रुपये की लागत से लंबित गली का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।
- भगत सिंह कॉलोनी एक्सटेंशन फेज दो: आठ लाख 62 हजार रुपये की लागत से गली निर्माण होगा।
- भगत सिंह कॉलोनी मेन रोड से दादा खेड़ा: 33 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण होगा।
- डिफेंस कॉलोनी गली नंबर नपांच और छह : 14 लाख 51 हजार रुपये की लागत से निर्माण कार्य होगा
- गली नंबर आठ (कपूर चंद से बलवंत एसडीओ तक): 25 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।
- डिफेंस कॉलोनी गली नंबर 2 (पार्ट वन और टू): निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।
- भगत सिंह कॉलोनी (प्यारा से सोमी वाली गली): निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।
- गली की मरम्मत और रखरखाव: 15 लाख रुपये की लागत से काम पूरा हो चुका है।
- करनाल रोड पर गली नंबर 4 बंसी लाल मानस वाली गली): निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।
- भगत सिंह कॉलोनी (महावीर सैनी से राजेश शर्मा मास्टर वाली गली): निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।
- पवन से प्रदीप वाली गली: 11 लाख 86 हजार रुपये की लागत से निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।
- ट्रैफिक पार्क में जिम: एक लाख 96 हजार रुपये की लागत से निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

## कैथल में दिन भर भटकते रहे यात्री

कैथल। अंबेडकर जयंती पर आयोजित मोदी की यमुनानगर रैली में कैथल से रोडवेज व सहकारी समिति की 127 बसें विभिन्न जगहों से लोगों को लेकर सोमवार सुबह रवाना हो गई। लेकिन रूटों पर बसें कम मिलने के कारण यात्रियों को दिनभर बसों का घंटों तक स्टॉपिजो पर इंतजार करना पड़ा। बस स्टैंड पर बसों के लिए दिनभर यात्री इधर-उधर भटकते रहे। बता दें कि रैली में जाने वाली सभी बसें रविवार देर रात को ही तय स्टॉपिजों पर पहुंच गई थी। इस कारण सुबह के समय ही अधिकतर गांव के रूटों पर बसें नहीं पहुंची और निजी वाहनों का ही सहारा लेकर लोगों को शहर से आना-जाना पड़ा। रोडवेज के जीएम कमलजीत सिंह, टी.एम स्वामी विरेन्द्र पाल, वर्कशॉप मैनेजर अनिल, डी.आई शमशेर सिंह मान, सी.आई रामफल शर्मा, अड्डा इंचार्ज निरंजन सहित सभी इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर बस स्टैंड का दौरा करते रहे, ताकि लोगों को परेशानी न हो। बस स्टैंड से यात्रियों के अनुसार बस निकलती रहे। **151 बसें रूट पर चली:** बता दें कि कैथल डिपो में रोडवेज की 178 व सहकारी समिति की 120 बसें है। इनमें से 68 रोडवेज की व 83 निजी बसें रूट पर चली। 151 बसें रूट पर चलाई गई। कैथल डिपो की 127 बसें कैथल व 20 बसें करनाल से रैली में गई।

प्रधानमंत्री की रैली के लिए कैथल से रवाना हुई 127 बस

#### इन रूट पर चली कम बस

चंडीगढ़, दिल्ली, सिरसा, हिसार, जींद, करनाल, राजौंद, असंध, गुहला चीका सहित लोकल रूटों पर बसों की कमी से यात्री परेशान दिखाई दिए।

#### सभी रूटों पर चलाई गई बसें: कमलजीत

हरियाणा रोडवेज कैथल के महाप्रबंधक कमलजीत ने बताया कि रूटों पर यात्रियों को दिक्कत नहीं आने दी। जो बसें यहां थी वह सभी रूटों पर यात्रियों के लिए चलाई गई।

**परेशानी** पीएम कार्यक्रम में गई रोडवेज बसें, यात्रियों ने झेली भारी परेशानी

# लोगों को भीषण गर्मी में लंबे और लोकल रूटों पर बस सेवा के लिए करनी पड़ी खूब मारामारी

110 रोडवेज बस और परिवहन समिति की 110 बसें गई हिसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हिसार में विकास परियोजना कार्यक्रम में पीएम मोदी ने सोमवार को एयरपोर्ट उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में जींद से 260 बसें रवाना की गई। इसमें 110 रोडवेज बस और परिवहन समिति की 110 बस शामिल रही। 110 बसों में से 90 बस जींद डिपो की थी। जबकि 20 बस दादरी डिपो से आई थी। इतनी संख्या में बसों के जाने पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे में सोमवार को चंडीगढ़, हरिद्वार, दिल्ली, लुधियाना, अमृतसर और गुरुग्राम जैसे लंबे रूट के साथ-साथ कुरुक्षेत्र, भिवानी और कैथल जैसे रूट पर भी यात्री परेशान रहे। ऐसे में रोहतक, दिल्ली और कुरुक्षेत्र की ओर जाने वाले यात्रियों ने ट्रेन का सहारा लिया। वहीं नरवाना, असंध, गोहाना, हांसी जैसे रूट पर प्राइवेट बस चलने से थोड़ी राहत मिली।


जींद। बसों की कमी के चलते जींद डिपो पर परेशान यात्री। फोटो : हरिभूमि

#### बसों के ये टाइम रहे मिस

| | |
|---|---|
| 5:50 | अमृतसर |
| 7:10 | सालासर |
| 6:00 | डबवाली |
| 6:20 | दिल्ली |
| 6:40 | चंडीगढ़ |
| 6:30 | हरिद्वार |
| 8:20 | लुधियाना |
| 10:40 | संगरूर |
| 11:00 | गुरुग्राम |
| 12:35 | गुरु ग्राम |

#### जींद में रोज करीब 16 हजार लोग करते सफर

जींद डिपो में इस समय 168 रोडवेज बस हैं और परिवहन समिति की 162 बसें अलग-अलग रूटों पर चलती हैं। जींद डिपो की बसों में हर रोज लगभग 16 हजार यात्री सफर करते हैं। डिपो को एक दिन में लगभग 12 लाख का राजस्व प्राप्त होता है। वहीं हांसी, असंध, नरवाना गोहाना और पानीपत जैसे लोकल रूट पर यात्रियों को प्राइवेट बसों का ही आसरा होता है। अलग-अलग रूटों पर 162 प्राइवेट बसें दौड़ रही हैं। इनमें नरवाना रूट पर 31, असंध रूट पर 16, गोहाना और बरवाला रूट पर 19, हांसी रूट पर 26, पुंडरी रूट पर तीन, जींद से पानीपत रूट पर 26, पिल्लूखेड़ा से रोहतक रूट पर पांच, नरवाना से हांसी रूट पर पांच, नरवाना से कैथल रूट पर 24 और नरवाना से हिसार रूट पर 20 निजी बसें शामिल हैं।

**कार्यक्रमों में रोडवेज बसों का इस्तेमाल करना गलत:** रोडवेज कर्मचारी नेता अनूप लाठर व संदीप रंगा ने कहा कि सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में रोडवेज बसों का प्रयोग करना गलत है। सरकार को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए।

#### आज से सुचारू रूप से होगा संचालन

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि सोमवार को हिसार में आयोजित कार्यक्रम में जींद डिपो से काफी संख्या में बस गई थी। इसके परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद रोडवेज बसें हिसार से वापस आना शुरू हो गई थी। शाम तक सभी बस डिपो में पहुंच गई थी। मंगलवार से सभी बसों का संचालन सुचारू रूप से जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप


नवीन जिंदल मेडिकल वैन के साथ डॉक्टर।

### शिविर में 66 मरीजों की स्वास्थ्य की जांच

**पूंडरी।** सांसद नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत सांसद नवीन जिंदल के निर्देश पर पूंडरी में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा कैम्प लगाया गया। इस कैंप में एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा 66 मरीजों को अलग-अलग बीमारियों के लिए परामर्श और निशुल्क दवाइयां दी गई ।

### राजौंद में संविधान निर्माता को किया याद

**राजौंद।** जींद रोड स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भवन में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। वार्ड नंबर 07 की पार्षद कर्मवती ने डॉक्टर बी आर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। पार्षद कर्मवती ने बताया कि डा. बाबा साहेब का जीवन संघर्ष मय रहा। उन्होंने विशेष कर दलितों, वंचितों, मजदूर व महिलाओं के लिए संघर्ष किया।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना कारगरः डीसी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। डीसी प्रीति ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए स्कीम चलाई हुई हैं।

### मददगार साबित हो रही विवाह शगुन योजना

कैथल। डीसी प्रीति ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना ने विशेष रूप से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों को बड़ी राहत दी है। यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, बीपीएल और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बनाई गई है। इस योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करके सरकार ने विवाह के समय परिवारों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करने का प्रयास किया है।

## जिले भर में अंबेडकर जयंती को लेकर जगह- जगह कार्यक्रम आयोजित

# डा. साहेब की दिखाई राह पर चलें

### बाबा साहब देश के किसानों और महिलाओं के लिए तारणहार बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी का 134 वीं जयंती समारोह एस आर डी पब्लिक स्कूल, प्रताप गेट कैथल में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्रेम जांगड़ा , मियां सिंह, व राजबीर पाई ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरभि गर्ग चेयरपर्सन नगर परिषद कैथल रही। कार्यक्रम के आयोजक हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ, एससी बीसी एकता मंच व संत गुरु रविदास युवा सभा द्वारा मुख्य अतिथि का फुल मालाओं व बुक्के द्वारा स्वागत किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं ज्योतिबा फुले के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके की गई। एसआरडी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटकों के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के विचार और सिद्धांतों को उपस्थित जन समूह के सामने प्रस्तुत किया जो बहुत ही सराहनीय व काबिले तारीफ रहा। मंच का संचालन हजरस के राज्य संयोजक दलबीर राठी व कमल चौहान द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद की वाइस चेयरमैन श्रीमती सीमा देवी, कर्म सिंह जागलान आरे वाला ,ओमप्रकाश सोलरा, सत्यवान मुंगेरिया, जिले सिंह जांगड़ा, रामदिया रंगा, धर्मवीर प्रजापति कानुनगो,नफे सिंह,आदि ने बाबा साहब के द्वारा किए गए कार्यों व शिक्षाओं का विस्तार से जानकारी दी गई ।हजरस के राज्य संयोजक दलबीर राठी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब आधुनिक भारत की अंतरात्मा के रक्षक थे वह न केवल वंचितों, पीड़तों, दलितों और पिछड़ों के मसीहा थे बल्कि देश के किसानों और महिलाओं के लिए तारणहार बने। जिन्होंने कहा था नारी राष्ट्र की निर्मात्री है हर नागरिक उसकी गोद में पलकर बढ़ता है, नारी को जागृत किए बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। ओमप्रकाश सोलरा ने कहा कि बाबा साहब मानते थे कि संविधान इंसान के हृदय की चीज है जब हृदय से लोकतंत्र और कानून व्यवस्था का पालन होगा तभी हम सही अर्थों में संविधान को बचा पाएंगे आज हमारे बीच में दूर-दूर से आदरणीय वक्ता आए हुए हैं सभी बाबा साहब के विचारों को आप लोगों तक पहुंचाने आए हैं। राजेश सिंहमार ने कहा कि डा. भीमराव अम्बेडकर अपने आप में एक प्रेरणा है नई पीढ़ी को उनका साहित्य पढ़ना चाहिए। राजबीर पाई ने बताया कि बाबा साहब की जीवनी और साहित्य में प्रेरणा, ज्ञान, संघर्ष, मानवता पर कीमती विचार मिलेंगे।


**कैथल।** नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग को सम्मानित करते पदाधिकारी

**कार्यक्रम में यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर संजय भौरिया पूर्व पार्षद, राजेश सिंहमार, जगदीश मेहरा, सुरेश लोधर ,सतीस चौहान,सोनू भोला,बीरबल, शमशेर सिंह,राजपाल सिंह, आनन्द सांघन, राजेन्द्र पाटिल एडवोकेट, रामेश्वर दास, सतीश पाटिल,नरेश धानिया, सुखदेव मैहरा रघुबीर मैहरा , रामनिवास मुवाल, बिजेंद्र राठी,भजन लाल रंगा,आदि मौजूद थे।


पूंडरी। डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कार्यकर्ता।

## जन चेतना यात्रा ने 20 गांवों में दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

एक्शन एड संस्था, पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच हरियाणा व जन कल्याण सोसाईटी हरियाणा व अन्य सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने गांव धेरडू में संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक सभा का आयोजन किया।

सतपाल चौहान प्रदेशाध्यक्ष ने सभा में शामिल युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान एकता बनाए रखने और जमीनी स्तर पर जन चेतना अभियान चलाकर बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि बलराज गिल समाजसेवी एवं सीनियर मैनेजर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक रसीना ने होनहार छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। सभा की अध्यक्षता रघबीर सिंह दहिया पूर्व सरपंच धेरडू ने की और मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता ममता सिरसवाल रही। ममता सिरसवाल ने बताया कि आज के दिन 14 अप्रैल 1891 को भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म हुआ था , जिनका आज 14 अप्रैल 2025 को 134वें जन्मदिवस पर एक भीम जन्मोत्सव मोटरसाइकिल जन चेतना यात्रा निकालकर लोगों को जागरूक किया गया।

## आरकेएसडी कालेज के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय के सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम एवं एमकॉम के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को सांस्कृतिक, प्राकृतिक, ऐतिहासिक, पौराणिक एवं रोमांचक स्थानों को दिखाकर उनके ज्ञान एवं दृष्टिकोण को विकसित करना था। सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग अध्यक्ष एवं भ्रमण के संयोजक डॉ मनोज बंसल ने बताया कि इस भ्रमण में बीकॉम एवं एमकॉम के 44 विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम मनसा देवी मंदिर, पंचकूला में माता रानी के दर्शन कर आध्यात्मिक शक्ति के संचार को बढ़ाया और मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद प्राप्त किया।

उसके बाद हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन में जटोली शिव मंदिर, जो कि बहुत ही ऊंचाई पर स्थित है (एशिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर), में जाकर उन्होंने स्वामी कृष्णानंद परमहंस द्वारा भक्ति से सिद्ध किए स्थान को देखा और आध्यात्मिक आनंद को लूटा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि परमहंस ने यहां भगवान शिव की तपस्या की थी। तत्पश्चात वह मोहन शक्ति नेशनल हेरिटेज पार्क में पहुंचे जहां पर उनको अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस पार्क की स्थापना ब्रिगेडियर कपिल मोहन ने की थी। यह एक अनोखा पार्क है जो वैदिक विज्ञान और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। यह 40 एकड़ में फैला हुआ है और इसमें एक विशाल उद्यान, पार्क और एक बड़ा मंदिर है। विद्यार्थी रीवा वाटरफॉल पहुंचे जहां पर प्राकृतिक झरना निरंतर बहता है, उसमें जाकर गर्म मौसम से निजात पाई।


**कैथल।** शैक्षणिक भ्रमण करते आरकेएसडी कालेज के विद्यार्थी *फोटो : हरिभूमि*

## अवैध नशा मुक्ति केंद्रों पर होगी कार्रवाई

- सुरक्षित इलाज के लिए प्रशासन द्वारा जारी की गई वैध नशा मुक्ति केंद्रों में ही प्राप्त करें ईलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी प्रीति ने बताया कि जिले में 11 वैध नशा मुक्ति संचालित किए जा रहे हैं। इनमें दो सरकारी व नौ प्राइवेट केंद्र शामिल हैं। इनके अलावा अगर कोई अन्य नशा मुक्ति संचालित किया जा रहा है, तो वह अवैध माना जाएगा। आमजन भी अवैध रूप से चल रहे नशा मुक्ति केंद्रों की सूचना डा. नवराज सिंह (9992473022) तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी (7027539020) को दे सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा नशीली दवाइओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूक करने के लिए स्कूल, कालेज तथा ग्राम पंचायतों में अभियान चलाए जा रहे हैं। वैध नशा मुक्ति केंद्रों की सूची जारी करते हुए बताया कि सरकारी तौर पर नशा मुक्ति एवं परामर्श केंद्र सामान्य अस्पताल कैथल व गुहला उपमंडल अस्पताल में है। गैर सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में अग्रवाल मनोरोग एवं नशा मुक्ति केंद्र नजदीकी कारपोरेशन बैंक चीका, गांव अजीमगढ़ में अरदास अस्पताल में, श्री गुरू नानक चेतना फाउंडेशन ट्रस्ट परामर्श-कम-पुनर्वास केंद्र वार्ड नंबर 15 गुहला, ब्राइट फ्यूचर जन कल्याण ट्रस्ट परामर्श-कम-पुनर्वास केंद्र वार्ड नंबर 12 चीका, नई किरण अस्पताल कैथल, समर्थ नशा मुक्ति केंद्र अजीमगढ़, निर्वाण मनोरोग अस्पताल चीका, मनो आधार नशा मुक्ति केंद्र अजीमगढ़, दीपक नशा मुक्ति केंद्र चीका में शामिल है।

- प्रशासन द्वारा जारी नंबरों पर दी जा सकती है सूचना


डीसी प्रीति


नशा न करने बारे आमजन को जागरूक करती कैथल पुलिस *फोटो : हरिभूमि*

### नशे के विरुद्ध लगातार जारी पुलिस अभियान

**कैथल।** जिला कैथल में एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार तथा होमगार्ड शमशेर को शामिल करके नशा जागरूकता टीम बनाई गई है। जो उक्त टीम गांव गांव जाकर आमजन सहित युवा वर्ग को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक कर रही है। सोमवार को उक्त टीम द्वारा कैथल में विभिन्न स्थानो पर युवाओं एवं उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए नशे के कारण होने वाले नुकसान के बारे मे बताया गया। गौरतलब है कि नशीले पदार्थों का समाज में तेजी से चलन बढ़ रहा है। जिसकी चपेट में नवयुवक आ रहे हैं। युवाओं में विशेष कर स्कूल/ कॉलेज के छात्र-छात्राओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशा एक ऐसा पदार्थ है जिसके प्रयोग से मानव शरीर खोखला हो जाता है। शरीर की ताकत नशे की भेंट चढ़ जाने के कारण कैंसर, जिगर का खराब होना, फेफड़ों, दिल की बीमारी, शरीर का कमजोर होना, याददाश्त कमजोर होना, एड्स, मानसिक रोग आदि की बीमारी शरीर में घर कर सकती है।

## सोमप्रकाश को प्रधान बनने पर दी बधाई

- महावीर दल चीका में आयुष्मान कार्ड लागू करवाने के लिए सीएम से करूंगा बात : देवेंद्र हंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस सोमवार को महावीर दल अस्पताल पहुंचे और एक दिन पहले संस्था के चुने गए प्रधान सोमप्रकाश जिंदल को जीत की बधाई दी। इस दौरान विधायक देवेंद्र हंस ने प्रधान सोमप्रकाश से महावीर दल अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्रधान सोमप्रकाश जिंदल ने बताया कि महावीर दल में हर रोज सैकड़ों लोगों का इलाज बहुत ही कम लागत पर किया जाता है। सोमप्रकाश ने विधायक से महावीर दल चीका में आयुष्मान कार्ड लागू करवाने की मांग रखी। सोमप्रकाश ने बताया कि यदि सरकार यहां पर आयुष्मान कार्ड को लागू कर देती है गरीब वर्ग के लोगों के ऑपरेशन व दूसरे कई तरह के इलाज निशुल्क हो सकेंगे और उन्हें दूर दराज के अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जिंदल ने बताया कि उन्होंने 2021 से 2023 के अपने कार्यकाल में अस्पताल के अंदर आईसीयू, अल्ट्रासांउड, डायलासिस जैसी कई आधुनिक सुविधाएं लोगों के सहयोग से शुरू की थी लेकिन अब ये सभी सुविधाएं बंद पड़ी है।


**कैथल।** विधायक देवेंद्र हंस का स्वागत करते हुए महावीर दल के नवनियुक्त प्रधान सोमप्रकाश जिंदल व अन्य सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## जलियांवाला बाग हत्याकांड की विरासत पर वैचारिक सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, सीटू, किसान सभा व जनवादी महिला समिति के साझे मंच शहीद यादगार समिति,दलित अधिकार मंच व हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के सांझा बैनर तले बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले,सफदर हाशमी की जयंती एवं जलियांवाला बाग हत्याकांड की विरासत पर एक वैचारिक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय राजकीय पूंजीवाद के अधिनायकत्व में उभर रहे, साम्राज्यवाद व साम्प्रदायिक विघटन के खतरे रहा। इसकी अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान व दलित अधिकार मंच के राज्य सहसंयोजक शिवचरण, जनवादी महिला समिति की राज्य उपप्रधान रामकली जांगड़ा व रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान रमेश हरित ने संयुक्त रूप से की।



## एनएसएस सेल ने अम्बेडकर को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल की एनएसएस सेल ने अंबेडकर जयंती को बड़े उत्साह के साथ मनाया। डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया था। डॉ. राकेश मित्तल, इतिहास विभाग के अध्यक्ष आरकेएसडी कॉलेज, कैथल, व्याख्यान के लिए संसाधन व्यक्ति थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय गर्ग ने डॉ. मित्तल का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. एसएस मेहला ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया, डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण के मार्ग का अनुसरण करने के महत्व पर जोर दिया। डॉ. राकेश मित्तल ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, दर्शन और भारतीय समाज में योगदान पर एक अंतर्दृष्टिपूर्ण व्याख्यान दिया। व्याख्यान में निम्नलिखित विषयों को शामिल किया गया अंबेडकर की संविधान को आकार देने में भूमिका सामाजिक असमानता और जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ उनकी लड़ाई का महत्व व्याख्यान ने स्वयंसेवकों को अधिक समावेशी और समान समाज बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया।


**कैथल।** आरकेएसडी कालेज में डा. अंबेडकर जयंती मनाते अधिकारी व विद्यार्थी


**चीका।** पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी चीका के सदस्य चुने गए पदाधिकारियों के साथ।

### डॉ.अशोक भट्ठला बने प्रधान

**चीका।** रविवार को पंजाबी वेलफेयर सोसायटी चीका का वार्षिक चुनाव पंजाबी धर्मशाला के प्रांगण में करवाया गया। चुनाव के दौरान डॉ. अशोक भठला को सर्वसम्मति से सोसायटी का प्रधान चुना गया। इस दौरान डॉ. राम लाल वधवा को चेयरमैन, सर्वणजीत वोहरा को संरक्षक, स.दलीप सिंह मठाडू को सीनियर वाइस प्रधान, हरजिन्द्र सिंह हीरा को सचिव, कृष्ण राज वधावन को उपप्रधान, प्रमोद सचदेवा को कैशियर, प्रेम वाधवा को सहसचिव, सरवण खट्टर को मुख्य सलाहकार व सोनू कालड़ा, हरजिंदर कंबोज, विजय चोपड़ा, रमेश पाहवा, मोहित चोपड़ा, डॉ. सोनी कक्कड़, राजन मदान व रंजीत कुमार को सलाहकार नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान डॉ. अशोक भट्ठला ने कहा कि समाज के सदस्यों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वे उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाबी धर्मशाला का निर्माण तेजी से पूरा करवाया जाएगा।

## अम्बेडकर जयंती पर कलायत में दिन भर चला कार्यक्रमों का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर सोमवार को दिन भर कार्यक्रमों का सिलसिला चला। इस दौरान शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो संदेश दिया गया।

वरिष्ठ भाजपा नेता मैनपाल राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, रवींद्र धीमान, पार्षद रेणु धानियां, महिपाल पंवार, रवींद्र निर्मल बंटी, उषा रानी, प्रदीप राणा, राजेश ज्येष्ठ, विनोद ज्येष्ठ, अमित बेदी, काका राणा, राज मुदगिल, पाला राम प्रजापति और कुलदीप नायक ने क्रमवार बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। दीगर है कि पिछले कई दिन से कलायत उप मंडल में डॉ अंबेडकर जयंती उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का क्रम जारी है। इसमें सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को सम्मान के पलक पर बैठाने के लिए न्यौता दिया गया था। मौके पर नंबरदार संजय सिंगला, कुलदीप दहिया, जगदीश रायका, संजय धीमान, धर्मपाल धीमान, श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी उप प्रधान धर्मपाल ज्येष्ठ, ओमप्रकाश पातलान,सुभाष धानियां, राजेंद्र चौहान, पूर्व पार्षद सुलतान सिंह, पाला राम भुक्कल, सूरज प्रकाश ज्येष्ठ,मा.राकेश कुमार, रोहतास कुमार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सलाह: बच्चों पर दिखने लगा भीषण गर्मी का असर

# सुबह 10 बजे के बाद और शाम को 5 बजे से पहले बच्चों को घर से बाहर न निकलने दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी का असर बच्चों पर दिखाई देने लगा है। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 100 के आसपास उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ति बच्चे पहुंच रहे हैं। नागरिक अस्पताल में एक ही बाल रोग विशेषज्ञ होने से पूरा दिन ओपीडी के आगे भीड़ लगी रहती है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि सुबह 10 बजे के बाद और शाम को 5 बजे से पहले बच्चों को घर से बाहर न निकलने दें, अन्यथा यह काफी खतरनाक साबित हो सकता है। इस समय हवा में नमी की मात्रा बहुत कम है, इसलिए कूलर में पानी डालकर चलाने से काफी राहत मिलेगी।

पिछले एक सप्ताह से गर्मी पूरे उफान पर है। सूर्य सुबह से ही आग उगलने शुरू कर देते हैं। चार दिन से तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ था, जो सोमवार को 36 डिग्री दर्ज किया गया। इतनी भयंकर गर्मी का असर बच्चों पर अधिक हो रहा है। बच्चे गर्मी के कारण बीमार हो रहे हैं। इस समय बच्चों को गर्मी के कारण उल्टी, दस्त व बुखार की शिकायत है। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 100 से अधिक बच्चे आ रहे हैं। ज्यादातर को उल्टी व दस्त की शिकायत रहती है, जबकि काफी बच्चों को बुखार भी आ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार यह सब गर्मी का असर है। चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में घर व आसपास में साफ-सफाई भी जरूरी है। यदि घर व आसपास में गंदगी होगी तो भी बच्चे बीमार पड़ सकते हैं। इस समय मलेरिया व डेंगू का खतरा है, इसलिए घर में यदि सफाई होगी तो मच्छर नहीं होंगे। यदि घर में मच्छर नहीं होंगे तो मलेरिया व डेंगू का खतरा भी नहीं रहेगा।

- ओपीडी बढ़कर 100 से पार पहुंची

**विशेष सावधानी रखने की जरूरत : डॉ. यादव**



जीवनधारा अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अवकाश यादव ने कहा कि इस समय गर्मी का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। उनको उल्टी, दस्त व बुखार की शिकायत हो रही है। बच्चों को धूप से बचाए रखने की जरूरत है। सुबह दस बजे के बाद और शाम पांच बजे से पहले बच्चों को घरों से बाहर नहीं निकलने दें। दिन में बच्चों को ओआरएस का घोल, नींबू पानी, लस्सी, शरबत जरूर पिलाएं। इसके अलावा नारियल का पानी भी काफी लाभदायक साबित होगा। इस समय हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ रहा है।

### एंबुलेंस चालक पर हमले मामला में अज्ञात ट्रक चालक और साथियों पर केस दर्ज

**सफीदों ।** सफीदों के नहर पूल पर एंबुलेंस चालक पर हमले के मामले में सफीदों पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक व उसके साथियों पर मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए ब्यान में एंबूलेंस चालक रमेश कुमार निवासी दालमवाला (जींद) ने कहा कि वह सीएचसी कालवा की एंबूलेंस पर कार्यरत है। 12 अप्रैल को वह नाईट ड्यूटी पर था। वह गांव छापर से गर्भवती व आशा वर्कर को एंबूलेंस में लेकर सफीदों आ रहा था। जब वह नहर पुल पर चढ़ा तो वहां पर एक नहर पुल पर एक गाड़ी चालक ने गलत साईड आकर उसका रास्ता रोक लिया। जब वह एंबूलेंस से उतरकर ट्रक ड्राईवर के पास पहुंचा तो ट्रक ड्राईवर ने अपने ट्रक से नीचे उतरकर उसके पीछे भागा। ट्रक ड्राईवर व उसके साथियों ने पीछे से आकर उसके सिर में तलवार मार दी। इस हमले में वह घायल हो गया।

### रिद्धिमा कौशिक ने किक बॉक्सिंग में जीते दो और स्वर्ण पदक

**जींद।** थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में आयोजित हुए किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में बांगर की बेटी रिद्धिमा कौशिक ने चार स्वर्ण पदक जीतकर बांगर का नाम रोशन करने का काम किया। भौंगरा गांव की रिद्धिमा कौशिक 31 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल हरियाणा की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है।

**सूचना**

मैं, रामफल पुत्र श्री हरीराम निवासी गांव ढिगाना, जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रोहित उर्फ टीकु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ग्राम पंचायत लोहचब**
**ब्लॉक व जिला जीन्द (हरियाणा)**
**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लोहचब ब्लॉक व जिला जीन्द में दिनांक 21.04.2025 को सामान्य चौपाल में प्रातः 10:00 बजे सार्वजनिक बोली बेरी वाले तालाब में पैदा हुई मछलियों की बोली (सफाई) ग्राम पंचायत द्वारा करवाई जाएगी। जिसके नियम व शर्तें मौके पर पढ़कर सुनाई जाएंगी। जमानत राशि रु. 5000/- ली जाएगी।

आरजू
ग्राम सचिव
गांव लोहचब खण्ड व जिला जीन्द
मो. 8307333799

हस्ता/- सरपंच,
ग्राम पंचायत लोहचब,
ब्लॉक व जिला जीन्द,
मो. 9026382680

## खबर संक्षेप

### साधकों को शंख प्रक्षालन की दी जानकारी

**जींद ।** इंडस स्कूल में अर्बन इकाई व भारती इकाई ने मिलकर शंख प्रक्षालन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में रमेश खटकड़ ने यौगिक क्रियाएं करवाई। कार्यक्रम में साधक ने भाग लिया। सभी साधकों को जल नेती व कुंजल क्रिया करवाई। अंत में शांति पाठ करके सभी साधकों को देशी घी से बनी खिचड़ी खिलाई। प्रांतीय उप्र प्रधान होशियार सिंह आर्य ने कुछ सावधानियां बताई। इस मौके पर राज सिंह देशवाल, सतबीर सिंह रेढू, राजपाल, सतपाल बांगड़, यशवीर, अंगूरी देवी, सतबीर रेढू आदि मौजूद रहे।

### अलेवा में दो बाइक की टक्कर में एक की मौत

**अलेवा।** जींद-असंध मार्ग पर अलेवा के नजदीक पोपड़ा जाने वाले लिंक मार्ग पर सोमवार सुबह दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में करनाल के पोपड़ा निवासी एक लगभग 53 वर्षीय व्यक्ति गंभीर तौर से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने जींद के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने करनाल के पोपड़ा निवासी मृतक के बेटे विपिन के बयान केस दर्ज किया है।

### महिला को लगी गोली पीजीआई किया रेफर

**जींद।** गांव जैजैवंती में सोमवार अल सुबह संदिग्ध हालात में गोली लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला का फौजी पति पिस्टल की सफाई कर रहा था कि अचानक गोली चल गई। महिला को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। गांव जैजैवंती निवासी सुंदर फौजी की पत्नी ममता (32) को सोमवार अलसुबह गोली लगी हालात में नागरिक अस्पताल लाया गया। गोली महिला की छाती में लगी थी। चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार देकर पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। सुंदर की छुट्टी पूरी हो चुकी थी। उसे सोमवार को दिल्ली सेना मुख्यालय में रिपोर्ट करनी थी।

### किसानों का 1093वें दिन भी जारी रहा धरना

**नरवाना ।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में 1093 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता अलबेल सिंह फरैन ने की और मंच संचालन सतबीर खरल ने लिया । धरना कमेटी के फैसले के अनुसार आज धरना स्थल पर डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती बड़ी धूम धाम से मनाई गई । अलग अलग संगठनों के साथियों ने मंच सांझा किया।

### पेंशन का झांसा दे महिला की सोने की चूड़ी चुराई

**जींद।** सफीदों रोड पर पूनिया अस्पताल के निकट तीन युवकों ने बुजुर्ग महिला के हाथों से दो सोने की चूडियां निकाल ली। युवकों ने महिला को कुछ रुपये हाथ में रख कर एक लाख रुपये पेंशन मिलने की बात कही थी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात तीन युवकों पर केस दर्ज किया। अर्बन एस्टेट निवासी जयबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पूनिया अस्पताल के निकट बाइक सवार एक युवक ने उसकी मां को रोक लिया। युवक ने पेंशन बनवाने की बात कहते हुए कुछ रुपये मां के हाथ में रख दिए। दो युवक को और वहां पर आ गए।

### जैविक खेती उत्तम कार्य : कंडेला

**जींद।** कंडेला गांव में समरवीर गोकुला स्वास्थ्य सेवा यात्रा पहुंची। इस दौरान भूमि सुपोषण अभियान की निरंतरता में हवन किया गया। यह हवन जैविक खेती करने वाले किसानों के द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किया गया और अपने-अपने खेत से मिट्टी ला कर के हवन का आयोजन किया गया। इस कैंप के संयोजक शहीद भगत सिंह युवा समिति के सदस्यों ने पीजीआई रोहतकए पीजीआई खानपुर व कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल, एनसी मेडिकल कॉलेज पानीपत से आए हुए डॉक्टर की टीम का सहयोग व शहीद भगत सिंह की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।

---

### जिलेभर में डा. भीमराव की जयंती धूमधाम से मनाई, भंडारे का भी आयोजन किया गया

# अम्बेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में सोमवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती श्रद्धा से मनाई गई। शहर के गणमान्य लोगों ने रानी तालाब स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

हरियाणा साहित्य अकादमी के डायरेक्टर डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बाबा साहेब की जयंती पर रानी तालाब पर उन्हें नमन किया और कहा कि भारत के संविधान निर्माता तथा प्रथम कानून मंत्री बाबा साहेब ने संविधान का निर्माण कर भारतीय समाज में सांस्कृतिक धार्मिक तथा संवैधानिक क्रांति को जन्म दिया। वह हर उस नौजवान के प्रेरणा स्रोत हैं जो जीवन में आगे बढना चाहता हैं।

उनके जीवन की प्रत्येक घटना मानव मन को आंदोलन करती है। वे समाज में सामाजिक मूल्यों के ध्वजवाहक थे उनके सिद्धांत आज भी सर्वमान्य है। वरिष्ठ नागरिक फोरम के सदस्यों ने भी फूलमाला पहना कर बाबा साहेब को प्रणाम किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व और आयोजन केयूके के पूर्व उप कुलपति डा. एके चावला ने किया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय संविधान ही है, जिसकी वजह से आज भारत का प्रत्येक नागरिक समानता समरसता तथा भाईचारे के साथ जीवन बिता रहा है। उनका भारतीय समाज को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण योगदान है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। यह सब डा. अंबेडकर की देन है। इस मौके पर रश्मि विद्यार्थी, अनिल ढींगरा, रूबी, सतीश कुमार ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण की।






बाबा साहेब को नमन करते हुए गणमान्य लोग व बाबा साहेब को नमन करते हुए वरिष्ठ नागरिक फोरम सदस्य व बाबा साहेब को नमन करते हुए इनैलो कार्यकर्ता व बाबा साहेब को नमन करते हुए एबीवीपी कार्यकर्ता।

#### बसपा ने मनाया पार्टी का 41वां

बसपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की 134वीं जयंती एवं बसपा के 41वें स्थापना दिवस पर रानी तालाब पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सचिव सूरत सिंह एवं एडवोकेट देशराज सरोहा सोनीपत, पानीपत, जींद जोन प्रभारी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश सिवाना ने की। सूरत सिंह एवं देशराज सरोहा ने कहा बाबा साहेब ने दुनिया का सबसे बड़ा भारतीय संविधान देश को दिया। संविधान में देश के हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, शिक्षा आदि अधिकार बाबा साहेब ने देश वासियों को दिए। इस मौके पर नरेश गौतम, पुरुषोत्तम दास, राकेश आदि मौजूद रहे।

#### सफीदों में नगर में चलाया सफाई अभियान

**सफीदो।** नगरपालिका सफीदों के तत्वावधान में सविंधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शहर में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख स्थानों जैसे नागक्षेत्र मंदिर, कश्यप धर्मशाला, अम्बेडकर भवन सहित अन्य स्थानों पर जोरदार सफाई अभियान चलाया गया और लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर लोगों से आह्वान किया कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कम करें और अपने कार्यस्थल पर डस्टबिन लगाएं। इस मौके पर मोहन लाल, मिनाक्षी, सोनिया, सुरेंद्र कुमार, सूरज व अनूप विशेष रूप से मौजूद थे।

#### नालंदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में कार्यक्रम

नालंदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में बाबा साहेब की जयंती पर डायरेक्टर वीरेंद्र दहिया ने बाबा साहेब को नमन किया। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि मनीष जयहिंद रहे। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भाषणों ने सभी का मन मोह लिया। वीरेंद्र दहिया ने ने कहा कि हर वर्ष 14 अप्रैल को हम अंबेडकर जयंती के रूप में मनाते हैं। जो हमें उनके द्वारा किए गए संघर्षों और योगदानों की याद दिलाती है। बाबा साहेब न केवल भारत के संविधान निर्माता थे बल्कि एक महान समाज सुधारक, शिक्षाविद और मानवाधिकारों के प्रबल पक्षधर भी थे। उनका जीवन संघर्षों से भरा हुआ था लेकिन उन्होंने कभी हार नही मानी।



कार्यक्रम में भाग लेते बसपा नेता।

#### बीवीपी कार्यकर्ताओं ने नमन किया

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई द्वारा बाबा साहेब की 134वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित किए। नगर मंत्री प्रतीक शर्मा ने बताया कि बाबा साहेब ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। मैं उस धर्म को मानता हूं जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सिखाता है। बाबा साहेब आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। भारत में हर वर्ष 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के रूप में मनाया जाता है। उनका सपना था एक ऐसा भारत जहां सभी को समान अधिकार मिले। चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या वर्ग का क्यों न हो।

#### अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण

नेहरू युवा केंद्र जींद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा डा. बीआर अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में रानी तालाब पर स्थित बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्या अर्पण व पुष्प अर्पित किए व प्रतिमा के आसपास साफ.सफाई की गई। जिला युवा अधिकारी हरप्रीत के द्वारा संविधान की प्रस्तावना करवाई गई। साथ में अंबेडकर के बारे में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें अंबेडकर की कठिनाइयां व जीवन के संघर्ष के बारे में बताया गया। मनीष जय हिंद ने बताया कि हमें हमारे महापुरुषों के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। जिससे हम एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं अंबेडकर का समाज में योगदान रहा हैं।

#### इनेलो ने बाबा साहेब को नमन किया

इनेलो कार्यकर्ताओं ने रानी तालाब पर स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने भारत के संविधान का निर्माण किया। इसके लिए उन्होंने कई देशों के सविंधानों का अध्यन किया। इनेलो जिलाध्यक्ष विजेन्द्र रेढू ने बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर रामफल कुंडू, सुमित्रा देवी, जयकुमार पवार, सुखजिंद्र सिंह पप्पू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पूर्व सीएम ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

डा. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी द्वारा गुरु रविदास धर्मशाला सफीदों रोड जींद में बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बहुत धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के प्रधान राजेश पहलवान ने की। मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शिरकत की।

---

## हुड्डा ने पुष्प अर्पित कर दी बाबासाहेब को श्रद्धांजलि

- पीएम को बढ़ती बेरोजगारी, खाली पड़े लाखों पदों, बिगड़ती कानून व्यवस्था पर करनी चाहिए बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद ।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व मंच पर छात्रा को सम्मानित करते भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और संविधान निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। हुड्डा ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज को शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का मूल मंत्र दिया था। इस मंत्र को हमें कभी भूलना नहीं चाहिए। उनकी दी गई सीख और उनके दिखाए रास्ते पर आगे बढ़कर ही देश व समाज तरक्की कर सकता है। हुड्डा ने कहा कि उनके पिता स्व. रणबीर सिंह हुड्डा ने भी बाबासाहेब की अध्यक्षता में बतौर सदस्य संविधान निर्मात्री समिति में कार्य किया था। जिस संविधान पर बाबा साहेब की हस्ताक्षर हैं, उसपर उनके स्व. पिता के भी हस्ताक्षर हैं। यह उनके लिए गर्व का विषय है। इसीलिए संविधान और बाबा साहेब से जुड़ी स्मृतियों के साथ हमेशा हुड्डा परिवार का विशेष निजी लगाव भी रहा है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए हुड्डा ने प्रधानमंत्री के भाषण पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक छिंटाकशी की बजाए सरकार को हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी, खाली पड़े लाखों पदों, बिगड़ती कानून व्यवस्था और विकास के गिरते स्तर के बारे में बात करनी चाहिए। हुड्डा ने उनकी मांग का समर्थन करते हुए बताया कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान अक्सर किसानों को इसी तरह नमी में अतिरिक्त छूट दी जाती थी। बीजेपी कार्यकाल के दौरान अक्सर सरकार द्वारा मंडियों में बारदाने व तिरपाल की व्यवस्था ना करने, उठान ना होने के चलते फसल बेमौसमी बारिश की भेंट चढ़ जाती है।

## मोतीलाल स्कूल के बच्चों ने एसओएफ गणित ओलंपियाड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

- गणित ओलंपियाड में विद्यालय के 200 बच्चों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



एसओएफ गणित ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के बच्चों ने हाल ही में आयोजित एसओएफ गणित ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एसओएफ गणित ओलंपियाड में भाग लिया और उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। एसओएफ गणित ओलंपियाड में विद्यालय के 200 बच्चों ने भाग लिया। जिनमें 35 बच्चों ने स्वर्ण पदक, 50 बच्चों ने रजत पदक और 40 बच्चों ने कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने इन बच्चों को इस प्रतिस्पर्धा के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

## पीएम मोदी रैली के लिए हुआ जत्था रवाना : टेकराम कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हिसार के लिए रवाना होते हुए।

हरियाणा सहकारी निर्माण प्रसंग विभाग के पूर्व चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला के नेतृत्व में सोमवार को डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर हिसार के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का शुभारंभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सभी मंत्री व भारी संख्या में लोग हिसार पहुंचे। कंडेला की सरदारी हिसार के लिए रवाना हुई। कंडेला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आज हरियाणा को दो बड़ी सौगातें दी। जिसमें हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का शुभारंभ व दूसरा दीनबंधु छोटूराम थर्मल प्लांट की आधारशिला रखी। कंडेला ने किसानों पर बोलते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान सम्मान निधि फसल बीमा योजना को व किसानों को अनेक प्रकार की सुविधा देकर देश के किसानों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। इस मौके पर अजमेर दालमवाला, हजूरा सिंह, प्रकाश रेढ़ू, रामधारी रेढ़ू, नरेश कंडेला आदि मौजूद रहे।

## उझाना नहरी पंप हाउस में चोरी का मामला सुलझा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




पुलिस गिरफ्त में चोरी के आरोपित।

उझाना नहर पर बने पंप हाउस में हुई चोरी के मामले में सीआईए पुलिस ने दो चोरों को काबू किया है। आरोपीतों के कब्जे से चोरीशुदा मोटर व केबल बरामद की गई है।

पकड़े गए आरोपितों की पहचान गांव दातासिंह वाला निवासी गुरदास, गांव डूमरखां कलां निवासी कुलविंद्र के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि 12 अप्रैल को उझाना गांव में नहर पर बने पंप हाउस से चोरों ने बिजली की मोटर, स्टार्टर व केबल चोरी कर ली थी। जिस पर पंप हाउस पर कार्यरत गांव धमतान साहिब निवासी मनीष कुमार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया गया था।

सीआईए स्टाफ नरवाना की एक टीम चोरों की तलाश में गढ़ी गांव के नजदीक मौजूद थी कि सूचना मिली कि दो व्यक्ति जो स्विफ्ट कार में चोरी की मोटर लिए हुए हैं और बेचने के इरादे से डूमरखां से खनौरी की तरफ आने वाले हैं। टीम ने नाकाबंदी कर स्विफ्ट कार सवारों को काबू कर लिया। कार की तलाशी ली तो कार की डिग्गी से 40 एचपी वीटी मोटर व केबल बरामद हुई।

### पता पूछने के बहाने दो सोने की अंगूठी चुराई

**जींद।** पुराना बस अड्डे के निकट घूमने निकले व्यक्ति से पता पूछने के बहाने उसे बातों में उलझा कर दो युवकों ने सोने की अंगूठी निकाल ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों युवक बाइक से फरार हो गए। असंध निवासी जोगीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भतीजे के बच्चों से मिलने के लिए पीडब्लूडी कालोनी आया हुआ था। सुबह घूमने के लिए पुराना बस अड्डे के पास गया हुआ था। उसी दौरान बाइक सवार युवक ने पता पूछने के बहाने उसे रोक लिया और बातचीत करने लगा। उसी दौरान एक युवक और आ गया। जिसने उसके साथ हाथ मिलाया। जिसके बाद उसकी उंगली से सोने की अंगूठी गायब हो गई। दोनों युवक बाइक से फरार हो गए।

---

**अपील** लू से बचाने के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जारी की एडवाइजरी

## सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को खुली धूप में न बैठाएं, ओआरएस पैकेट्स की हो उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा

गर्मियों में विद्यार्थियों को लू से बचाने के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने एडवाइजरी जारी की है। निदेशालय ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी और स्कूल मुखिया को विद्यालय में उपलब्ध रेडक्रॉस फंड से ओआरएस पैकेट्स उपलब्ध करवाने और खिड़कियों को रिफ्लेक्टर से ढक कर रखने के निर्देश दिए हैं। इस समय गर्मी ज्यादा बढ़ गई है। अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री तक रहता है। ऐसे में विद्यार्थियों की सेहत को ध्यान में रखते हुए निदेशालय ने कहा है कि किसी भी अवस्था में विद्यार्थियों को खुली धूप में नहीं बैठाया जाए। विद्यार्थियों के लिए साफ पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सभी विद्यालयों में दिन में तीन बार पानी पीने के लिए घंटी बजाई जाए ताकि सभी विद्यार्थी समय अनुसार पानी पी सकें और शरीर में पानी की मात्रा बरकरार रख सकें। विद्यार्थियों के साथ गर्मी से बचने के उपाय बारे चर्चा की जाए। आवश्यकतानुसार आयुष विभाग से संपर्क किया जा सकता है। किसी भी आपात स्थिति के संदर्भ में स्थानीय अस्पताल में संपर्क की व्यवस्था की जाए । उन खिड़कियों और दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवा आती हैं वहां पर्दे लगाकर रखे जाएं। संतुलित, हलका और नियमित भोजन करें। ऐसी किसी भी स्थिति जब घर से निकलना जरूरी हो तो विद्यार्थी अपने शरीर और सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। कक्षा कक्ष से बाहर होने वाली गतिविधियों को जहां तक संभव हो सुबह दस बजे या इससे पहले पूरा किया जाए।

#### शिक्षा निदेशालय के निर्देश

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इसके बारे में अवगत करवाया है। विद्यार्थियों को गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी व्यवस्था की जाएगी। बढ़ती गर्मी को देखते हुए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने विद्यार्थियों को लू से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की है। निर्देशानुसार विद्यालयों में पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

## पांच वर्षीय बालिका से दुष्कर्म दो सगे भाइयों पर मामला दर्ज

- दोनों आरोपित नाबालिग, खेल रहे थे बालिका के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर थाना इलाके में पांच वर्षीय बालिका के साथ पड़ोसी दो भाइयों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दोनों आरोपित भी नाबालिग हैं।

शहर थाना पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर दोनों भाइयों के खिलाफ बंधक बनाने, दुष्कर्म करने, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना इलाके कीएक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की उसकी पांच वर्षीय बेटी पड़ोसी दो भाइयों के साथ खेल रही थी। उसी दौरान आरोपित उसकी बेटी को एकांत में ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। काफी देर तक आरोपितों ने उसे अपने पास रखा। जब उसकी बेटी घर लौटी और देरी का कारण पूछा तो उसने पड़ोसी दोनों भाइयों की करतूत के बारे में बताया।

### मां की शिकायत पर केस

शहर थाना पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर दोनों नाबालिग आरोपित भाई के खिलाफ बंधक बनाने, दुष्कर्म करने, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।